

## एक नजर में

### श्रमोदय आवासीय विद्यालय में प्रवेश हेतु आवेदन

**राजगढ़ 02 जनवरी, का.** श्रम पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि श्रमोदय आवासीय विद्यालय भोपाल इंदौर, जबलपुर एवं ग्वालियर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु कक्षा 6 वीं, 7वीं, 8वीं एवं 9वीं में प्रवेश हेतु इच्छुक विद्यार्थियों से 20 दिसम्बर, 2025 से 20 जनवरी, 2026 तक ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किये गये हैं. प्रवेश परीक्षा 08 फरवरी को आयोजित की जाएगी. परीक्षा के प्रवेश पत्र म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड के पोर्टल से डाउनलोड किये जा सकते है.

### स्थापित की बायोमास ब्रिकेटस निर्माण इकाई

**राजगढ़ 02 जनवरी, का.** एमएसएमई प्रोत्सीहन योजना के तहत ग्राम बैरसिया तहसील ब्यावरा निवासी श्रीमती श्रद्धा कुमारहर ने जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के सहयोग से स्थाापित बायोमास ब्रिकेटस निर्माण इकाई की स्थापिना की. श्रीमती श्रद्धा कुमार बताती है कि उन्होंनने इस परियोजना में लगभग एक करोड़ साठ लाख रूपये का निवेश किया है. साथ ही वह स्थानीय 10 बेरोजगार लोगों को रोजगार उपलब्धर करवा रही है. उन्हों ने बताया कि यह योजना न केवल मेरे उद्यम के विकास में सहायक सिद्ध हुई है. बल्कि क्षेत्र में रोजगार सृजन और औद्योगिक गतिविधियों को भी बढावा दे रही है. मैं इस योजना के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को धन्या वद देना चाहती हूं.

### पतंगें बिजली लाइनों से दूर उड़ाने की अपील

**राजगढ़ 02 जनवरी, का.** नागरिकों की सुरक्षा के मद्देनजर आने वाले मकर संक्रांति के त्यौहार में बिजली कंपनी ने पतंगबाजी को बिजली की लाइनों, ट्रांसफार्मरों और पोल से दूर रखने की अपील की है. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल ने बताया कि पतंगों और उनके धागों के कारण बिजली की लाइनों में फॉल्ट हो सकता है, जिससे न केवल विद्युत आपूर्ति बाधित होती है, बल्कि हादसे का भी खतरा बना रहता है. प्रबंध संचालक ने स्पष्ट किया कि पतंगों में इस्तेमाल होने वाले धागे और बांस की कीमची, दोनों ही बिजली की लाइनों के लिए खतरनाक हो सकते हैं. उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया है कि पतंगबाजी करते समय सावधानी बरतें और लाइनों, ट्रांसफार्मरों तथा पोल से दूर पतंग उड़ाएं, ताकि मकर संक्रांति का त्यौहार सुरक्षित और उल्लासपूर्ण तरीके से मनाया जा सके. कंपनी ने यह भी चेतावनी दी है कि बिजली के तारों या पोल में फंसी पतंग को निकालने का प्रयास न करे. इसके अलावा, गिल्ली डंडे का खेल भी बिजली की लाइनों और डीपी से दूर खेलने का अनुरोध किया गया है, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके और विद्युत आपूर्ति में कोई बाधा न उत्पन्न हो.

### संतोष धनगर बने विमुक्त घुमंतु जनजाति महासंघ जिला उपाध्यक्ष

**सारंगपुर 02 जनवरी, सं.** विमुक्त घुमंतु एवं अर्द्धघुमंतु जनजाति महासंघ राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानसिंह बघेल के निर्देशानुसार विमुक्त घुमंतु एवं अर्द्धघुमंतु जनजाति महासंघ प्रदेशाध्यक्ष केशरसिंह धनगर एवं कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष मोनू धनगर, रामकृष्ण बघेल एवं जिलाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण धनगर की सहमति से प्रदेश कार्यालय प्रभारी संजय बगोरिया ने सारंगपुर के युवा समाजसेवी संतोष धनगर को विमुक्त घुमंतु एवं अर्द्धघुमंतु जनजाति महासंघ जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया है. धनगर की नियुक्ति पर सुनील धनगर, कपिल धनगर, ओम प्रकाश धनगर, पंकज पाल सहित सभी इष्टमित्रों ने बधाई शुभकामनाए दी.

# इंदौर हादसा : जिले को सबक लेने की जरूरत

## नगर सहित जिले में अनेक जगह पर दूषित पानी पीने को मजबूर लोग

**लम्बे समय से मटमैला और दुर्गंध युक्त पानी पी रहे कुछ मोहल्लेवासी**

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा/राजगढ़ 02 जनवरी, का. इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से 15 लोगो की दर्दनाक मौत ने सभी को चौका दिया है. इस हादसे से प्रशासन और नगरीय निकायों को सबक लेने की जरूरत है. जिले की विभिन्न निकायों और कई गांवों में इस प्रकार की शिकायत पूर्व से चली आ रही है. समय रहते इनका निराकरण जरूरी है. जिससे इंदौर हादसे की पुनरावृत्ति हमारे क्षेत्र में न हो पाए.**

स्वच्छ पेयजल मनुष्य की अनिवार्य आवश्यकता है और यह जल प्राप्त करना उसका संवैधानिक अधिकार है. आश्चर्यजनक तथ्य यह है कि हमारे सिस्टम को हादसा होने पर ही अपनी कमियां नजर आती है. इसके पहले तक कोई गंभीरता से लेने को तैयार नहीं होता है. इंदौर में भी ऐसा ही हुआ है. तमाम शिकवे शिकायतों के बावजूद अधिकारियों ने गंदे पानी की समस्या को समस्या ही नहीं माना.

कुछ ऐसे ही हाल ब्यावरा नगर और कुछ अन्य गांव और कस्बों के है. कई बार अखबारों के पेज काले हो चुके है. शिकायत कर्ता कई बार चीख-पुकार कर चुके है लेकिन हमेशा की तरह सिस्टम के कानों में जूं नहीं रेंगी है. दुर्भाग्य से कुछ हादसा हो गया तो पूरा सिस्टम समस्याओं के निराकरण के लिये दिन रात एक करने की नौटंकी शुरू कर देगा.

**सीएम हेल्प लाइन में शिकायत के बाद भी सुनवाई नहीं -** ब्यावरा नगर के राजगढ़ रोड पर शासकीय कॉलेज के सामने पंचशील कॉलोनी क्षेत्र में महीनों से पेयजल सप्लाई के दौरान दस से पन्द्रह मिनिट तक मटमैला और दुर्गंधयुक्त पानी आता है. इसको लेकर नपा के जिम्मेदारों को कई बार अवगत कराया जा चुका है. सीएम हेल्प लाइन में शिकायत भी की जा चुकी है किंतु इसको गंभीरता से नहीं लिया गया. यहां पर पाइप लाइन एक नाले से होकर गुजरी है. ऐसी आशंका है कि नाले के समीप पाइप लाइन में लीकेज है. जब पाइप लाइन बंद व खाली रहती है तो उसमें गंदा पानी जमा होने लगता है. चार-पांच दिन के अंतराल में जब पानी आता है तो नलों में पहले वही पानी जाता है जो पाइप लाइन में गंदा पानी पूर्व से जमा रहता है.

15 मिनिट तक गंदा पानी आने के बाद फिर टंकी का साफ पानी आने लगता है. हर बार नल चलने के समय यह हो रहा है. कई बार शिकायतों के बाद भी इस समस्या का निदान नहीं हुआ है. नगरीय प्रशासन इस समस्या के निदान का किस हादसे का इंतजार कर रहा है यह समझ के परे है.



### जिला मुख्यालय पर भी दूषित पेयजल वितरण

राजगढ़ नगर में भी कुछ इसी तरह के हालात बने हुए है. नगर के वार्ड 2 स्थित नेस मोहल्ला, पुरा क्षेत्र, बड़ा हनुमान मंदिर के पास, केंद्रीय विद्यालय रोड तथा वार्ड 14 बाराद्वारी मोहल्ला आदि स्थानो पर भी कई बार पेयजल सप्लाई के दौरान दुर्गंध वाला या मटमैला पानी आने की शिकायत आती रही है. इन क्षेत्र में लम्बे समय से नालियों की नियमित सफाई नहीं की जा रही है. स्थानीय निवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. लोगों में नाराजगी है, उनका कहना है कि क्या स्थानीय प्रशासन भी किसी बड़ी अनहोनी के बाद जागेगा.



### ग्राम टीटोडी में नाले के कुएं से पानी भरने को मजबूर ग्रामीण

जिला मुख्यालय के समीप बड़े पुल से आगे टीटोडी गांव है. जहां पर पेयजल संकट दिनों दिन गहराता जा रहा है. गांव में निवासरत नाथ सपेरा समाज के कई परिवारों को आज भी ठंड, गर्मी, बरसात में नाले में बने कुएं से पीने का पानी लाना पड़ रहा है. आज तक गांव में न तो हैंडपंप लगाया गया है और न ही कोई स्थायी पेयजल व्यवस्था

> जहां भी दूषित पानी की शिकायत है उसको गंभीरता से लिया जा रहा है. अगर कहीं क्षतिग्रस्त पाइप लाइन है तो उसे दुरस्त करवाकर व्यापक कदम उठाए जा रहे है.
>
> **इकरार अहमद**
> **सीएमओ, ब्यावरा**

# फर्जी तरीके से ट्रैक्टर हड़पने की धोखाधड़ी का खुलासा

## ट्रैक्टर बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**खिलचीपुर 02 जनवरी, सं.** थाना खिलचीपुर अंतर्गत ग्राम हालाहेड़ी में फर्जी दस्तावेजों से ट्रैक्टर हड़पने के मामले में पुलिस ने कार्यवाही की है.

थाना खिलचीपुर में फरियादी सुरेश दांगी पिता बापूलाल, उम्र 28 वर्ष, निवासी ग्राम हालाहेड़ी, थाना खिलचीपुर द्वारा लिखित आवेदन प्रस्तुत किया गया कि उसने महिंद्रा कंपनी का ट्रैक्टर मॉडल 2023 को 6 लाख 30 हजार में लोन पर खरीदा था. उपयोग कम होने के कारण ट्रैक्टर को विक्रय हेतु सोशल मीडिया पर डाला गया. 28 मार्च 2025 को दो व्यक्तियों द्वारा संपर्क कर स्वयं को अशोक पिता किशनलाल प्रजापति, निवासी कचनारा, तहसील सीतामऊ, जिला मंदसौर, ओमप्रकाश पिता बालाराम प्रजापति, निवासी कचनारा, तहसील सीतामऊ, जिला मंदसौर बताकर ट्रैक्टर का सौदा 6 लाख 30 हजार में तय किया गया. आरोपियों द्वारा 1 लाख 10 हजार नगद देकर शेष 5 लाख 20 हजार राशि 6 माह में देने की लिखापढ़ी स्टाम्प पर खिलचीपुर में कराई गई. किंतु 12 अप्रैल 2025 को किश्त की तिथि आने पर आरोपियों के मोबाइल बंद हो गए, जिससे फरियादी को धोखाधड़ी का संदेह हुआ.

**आरोपी के नाम, आधार कार्ड फर्जी -** विवेचना के दौरान पाया गया कि आरोपी द्वारा बताए गए नाम, मोबाइल नंबर व आधार कार्ड फर्जी थे. मोबाइल नंबर 9424545932 की जांच में वह किसी अन्य व्यक्ति के नाम पर पंजीबद्ध पाया गया तथा प्रस्तुत आधार कार्ड भी फर्जी निकला. सीडीआर एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने 19 दिसम्बर 2025 को अमित पिता गोवर्धन विश्वकर्मा, उम्र 25 वर्ष, निवासी ग्राम रिनिया, थाना दीपनाखेड़ा, जिला विदिशा और मनीष पिता रूपसिंह अहिरवार, उम्र 24 वर्ष, निवासी ग्राम पडोछा, थाना कुरवाई, जिला विदिशा को विदिशा से गिरफ्तार किया. पूछताछ में आरोपी अमित द्वारा फर्जी सिम भोपाल से खरीदना, फर्जी आधार कार्ड एडिट कर तैयार करना एवं नाम बदलकर सौदा करना स्वीकार किया गया. मामले का मास्टरमाइंड आरोपी अमित विश्वकर्मा पाया गया, जिसकी 07 दिवस की पुलिस रिमांड प्राप्त कर उसकी निशानदेही पर दिनांक 23 दिसम्बर 2025 को उसके खेत से उक्त ट्रैक्टर महिंद्रा मॉडल 2023 बरामद किया गया.

# वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दीं मनमोहक प्रस्तुतियां

## प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को किया सम्मान



नवभारत न्यूज

**तलेन 02 दिसम्बर, सं. न्यू मास्टर माइंड एकेडेमी हासे स्कूल इकलेरा में मंगलवार को वार्षिकोतान कार्यक्रम ( उर्जा ) एवं प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजन हुआ.**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मांगीलाल कश्यप, त्रिलोक पालीवाल, श्रवण पारीदार (सरपंच), अतुल चोधरी, (जनपद उपाध्यक्ष), हरिनारायण कुंभकार, कैलाशनारायण राठौर, रामबाबू मंडल, रामेश्वर विजयवर्गीय, सुरेश पाटीदार, मनोहर प्रजापति, कमल सिंह यादव उपस्थित रहे.

अतिथियों ने बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि सभी बच्चे मन लगाकर पढ़ाई करे और आगे बढकर अपना एवं परिवार सहित स्कूल का नाम रोशन करे.

कार्यक्रम में तलेन मास्टरमांइड विद्यालय का सम्पूर्ण स्टाफ भी उपस्थित रहा. विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा वार्षिकोत्सव ऊर्जा कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक संगीत, सत्य, ड्रामा व प्रेरणादायक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए.

वहीं कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को अतिथि द्वारा पुरुस्कृत किया गया. समस्त अतिथियों द्वारा अपने संबोधन में छात्र-छात्राओ द्वारा प्रस्तुत किए गये कार्यक्रम की प्रशंसा की गई. कार्यक्रम में इकलेरा नगर के वरिष्ठजन, विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थीगण, अभिभावक उपस्थित रहे.



### रलायती में हिन्दू सम्मेलन आयोजित

**करनवास 02 जनवरी, सं.** त्रिवेणी संगम ग्राम रलायती में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष, सो वर्ष पूर्ण होने पर समरसता को लेकर हंदू सम्मेलन संपन्न हुआ. जिसमें हजारों की संख्या में हिंदू समाज एकत्रित हुआ. इस मौके पर मुख्य वक्ता रुपेस विश्वकर्मा विभाग सह कार्यवाह, संत उद्बोधन में ओम प्रकाश शर्मा का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ.

# पांच दिवसीय वर्कशॉप का समापन सम्पन्न

**ब्यावरा 02 जनवरी, का.** नेताजी सुभाषचंद्र बोस शासकीय महाविद्यालय में विगत 29 दिसंबर से अनवरत संचालित 5 दिवसीय केरियर काउंसलिंग एण्ड अवेयरनेस ऑफ फ्यूचर टेक्निक्स विषय पर आयोजित वर्कषॉप के समापन का कार्यक्रम आयोजित किया गया. संस्था के 57 विद्यार्थियों ने पंजीयन करवाया जिसमें से 49 विद्यार्थियों ने सफलता पूर्वक नियमित उपस्थित रहे. समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के प्रभारी प्राचार्य प्रो. अरविंद भारद्वाज द्वारा की गयी. इस अवसर पर पीएम उषा परियोजना प्रभारी प्रो. प्रमोद खरे ने इस योजनांतर्गत सॉफ्ट कंपोनेंट में ऐसे कार्यक्रमों से विद्यार्थियों का संर्वागीण विकास कर भविष्य हेतु तैयार किया जा सके. प्राचार्य प्रो. भारद्वाज ने कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक भाग लेकर उज्जवल भविष्य बनाने एवं संस्था का नाम रोषन करने हेतु प्रेरित किया. इस वर्कशॉप का आयोजन भोपाल की संस्था क्रिस्प के द्वारा संचालित किया गया. डॉ. पटेरिया ने अपने कार्यक्रम का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया. कार्यक्रम का संचालन डॉ. दिलीप गुप्ता ने किया इन्होंने अपने सहयोगी साथियों डॉ. अंकित गौर एवं सुश्री क्षमा मरकाम का धन्यवाद ज्ञापित किया.





# पुलिस अधीक्षक द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे तीन अधिकारियों का सम्मान

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 01 जनवरी, का.** पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित कुमार तोलानी द्वारा कार्यालय परिसर में आयोजित एक गरिमामय कार्यक्रम में जिला पुलिस बल राजगढ़ के पुलिस सेवा से दिनांक 31 दिसंबर को अधिवर्षता सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए 3 पुलिस अधिकारियों को सम्मानित किया गया.

सम्मानित होने वाले पुलिस अधिकारियों में कार्यवाहक उप निरीक्षक करण सिंह मीना, रक्षित केंद्र राजगढ़, कार्यवाहक उप निरीक्षक रामबाबू साहू, रक्षित केंद्र राजगढ़, सहायक उप निरीक्षक अब्दुल गफ्फार खान, रक्षित केंद्र राजगढ़ शामिल है.

कार्यवाहक उप निरीक्षक करण सिंह मीना द्वारा 41 वर्ष से अधिक, कार्यवाहक उप निरीक्षक रामबाबू साहू द्वारा 39 वर्ष से अधिक तथा सहायक उप निरीक्षक अब्दुल गफ्फार खान द्वारा 38 वर्ष से अधिक समय तक पुलिस विभाग में निष्ठा एवं समर्पण के साथ सेवाएं प्रदान की गई. कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक राजगढ़, रक्षित निरीक्षक सुश्री उर्मिला चौहान, पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे. इसके अतिरिक्त सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी एवं उनके परिजन भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे.

# सड़क दुर्घटनाओं को रोकने सुंदरकाण्ड पाठ

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 02 जनवरी, का. सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु स्थानीय पीपल चौराहा पर सुंदरकाण्ड का पाठ किया गया जिसमें बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी नागरिक शामिल हुए.**

भारत एकता ग्रुप द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से पीपल चौराहा पर सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ एवं सुंदरकाण्ड पाठ का अयोजन किया गया. इसका उद्देश्य आने वाले साल में कहीं भी किसी की भी सड़क दुर्घटना में मृत्यु ना हो.





# सौंधिया राजपूत समाज द्वारा खेल प्रतियोगिता आयोजित

नवभारत न्यूज

**जीरापुर 02 जनवरी, सं. अखिल भारतीय सौंधिया राजपूत महासभा की ब्लॉक स्तरीय दौड़ प्रतियोगिता आवास स्टेडियम परिसर में संपन्न हुई. कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्रीराम का पूजन माल्यार्पण कर की गई.**

कार्यक्रम में अतिथि जिला महासचिव कनीराम पवांर, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष कमल सिंह पवांर, कालुसिंह तोमर, विष्णुसिंह पवांर, ईश्वरसिंह परमार, रमेशचंद्र पवांर, नारायणसिंह तोमर, गोविंदसिंह चौहान, गंगाराम परमार, कमलसिंह चौहान, कल्याण सिंह पवांर, दिनेश तोमर, मिडिया प्रभारी कुमेरसिंह पवांर उपस्थित रहे. नारायण सिंह तोमर ने बताया कि खेलो का जीवन मे अपना अलग महत्व है इससे खेल भावना से व्यक्ति को प्रतिस्पर्धा में आपसी भाव जागृत होते हैं. जहां पर विभिन्न खेल आयोजित हुए जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया. तत्पश्चात दौड़ प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में प्रथम स्थान कविता पीपल्दा, द्वितीय स्थान सुनीता पोलाखेड़ा, तृतीय स्थान रजनी रामपुरिया, रचना आदमपुरा, बालक वर्ग में प्रथम स्थान बलराम पोलाखेड़ा, द्वितीय स्थान लखन मैनाखेड़ी, तृतीय स्थान होकमसिंह देवरी ने प्राप्त किया. इस अवसर पर ब्लाक महासचिव बिरम सिंह पवांर,विधि सलाहकार दरियावसिंह सिसोदिया, जसवंत सिंह पवांर, कुमेरसिंह परिहार, रघुवीरसिंह सोलंकी, रामेश्वर चौहान, राकेशसिंह सिसोदिया, खेल प्रमुख ईश्वरसिंह सिसोदिया, रामबाबू सिसोदिया, रामबाबू पवांर, ब्लॉक प्रभारी बीरमसिंह चौहान, अर्जुनसिंह पेंटर, खेल शिक्षक ईश्वर सिंह पवांर, अरविंद बंसल सहित बड़ी संख्या में बालक - बालिकायें एवम समाज बन्धु उपस्थित हुए.


**व्यवस्था** भोपाल में उर्वरक वितरण की ई-विकास प्रणाली संबंधी प्रशिक्षण आयोजित

# उर्वरक वितरण : किसान घर बैठे ई-टोकन बुक करा सकेंगे

**उक्त प्रणाली 01 जनवरी 2026 से लागू**

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 02 जनवरी, का. राज्य स्तरीय प्रशिक्षण केन्द्र बेरखेड़ी कला भोपाल में उर्वरक वितरण की ई-विकास प्रणाली संबंधी प्रशिक्षण आयोजित किया गया. जिसमें उर्वरक वितरण की ई-विकास पर पर किसानों का पंजीयन अनिवार्य किया है. भोपाल संभाग के सभी जिले के कृषि, एम.पी.एग्रो., विपणन एवं सहकारिता विभाग के अधिकारी शामिल हुए. जिन्हें ई-टोकन व्यवस्था की जानकारी दी.**





संभाग के पायलेट प्रोजेक्ट मे शामिल जिला विदिशा के अधिकारियों से इनमें आने वाली चुनौतियों की जानकारी लेकर उनके निराकरण बताए. सभी अधिकारी अपने जिले के किसानों को अपडेट करते हुए उन्हे ई-टोकन प्रणाली से जोड़ेगे तथा इसी के माध्यम से खाद का वितरण करेगें. उक्त प्रणाली 01 जनवरी 2026 से लागू किया गया है.

संयुक्त संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास भोपाल संभाग भोपाल ने बताया कि किसान जिस समिति का ड्यू सदस्य है, उसे संबंधित समिति पर ही खाद बुक करना होगा.

### ऐसे मिलेगा ई-टोकन

संयुक्त संचालक, कृषि ने बताया कि अब किसान घर बैठे ई-टोकन बुक करा सकेंगे. किसान ई-विकास प्रणाली अंतर्गत किसान पोर्टल पर जाकर अपने आधार कार्ड के माध्यम से पंजीयन करवा सकेंगे, ओटीपी सत्यापन के बाद से प्राप्त भू-अभिलेख से जानकारी लेकर आधार और मोबाइल नंबर का सत्यापन करना होगा. रकबा और फसल के आधार पर खाद की मात्रा आएगी. इसकी पुष्टि करते ही दुकान या संस्था को चुनाव करके जनरेट विकल्प दबाना होगा. ऐसा करते ही ई-टोकन मिल जाएगा. जिन किसानों के पास एंड्रायड मोबाइल नही है, उन्हे कियोस्क सेंटर के माध्यम से ई-विकास पंजीयन कर सकते है, इसके लिए उन्हें फीस चुकाना होगी. ई-विकास प्रणाली से किसानों को टोकन के लिए आधी रात में कतार पर खड़ा होना नही पड़ेगा. घर बैठे ही किसान अपने मोबाइल क्यूआर कोड स्केन कर टोकन बुक कर सकेंगे.

खरीफ सीजन में ली खाद की लिमिट पूरी हो चुकी है, तो नकद राशि जमा कर लिमिट खुलवाना होगी. प्राप्त ई-टोकन की वैद्यता 3 दिन की ही रहेगी. जिन किसानों को पोर्टल पर जमीन रिकॉर्ड दिखाई न दें, उन्हे पटवारी से संपर्क कर पहले पंजीयन करना होगा, इसके बाद ही योजना से जुड़ सकेगें.